# कृविको समाचार पत्र
## कृषि विश्वविद्यालय, कोटा

वर्ष : 2024 | अंक : 2 | अप्रैल–जून


इस अंक में.........


- प्रमुख उपलब्धियां
  - -प्रशासनिक
  - -अनुसंधान
  - -शिक्षा
  - -प्रसार
  - -मानव संसाधन विकास
- महत्वपूर्ण बैठकें
- प्रमुख आयोजन
- स्थानन
- आधारभूत संरचना विकास
- सेमीनार / सम्मेलन, कार्यशाला, शीतकालीन / ग्रीष्मकालीन स्कूल और प्रशिक्षण आदि में कर्मचारियों की भागीदारी।
- पुरस्कार और सम्मान
- गणमान्य व्यक्तियों का भ्रमण
- प्रकाशन
- आगामी कार्यक्रम



संरक्षक
**डॉ. अभय कुमार व्यास**
माननीय कुलपति

मुख्य संपादक
**डॉ. मुकेश चन्द गोयल**
निदेशक (पी.एम.एण्ड ई.)

संपादक
**डॉ. कमल चन्द मीना**
सह-आचार्य (प्रसार शिक्षा)

**डॉ. कृष्ण मुरारी शर्मा**
सह-आचार्य (शस्य विज्ञान)

**डॉ. लोकेश कुमार मीणा**
सहायक-आचार्य (कृषि अर्थशास्त्र)

**डॉ. चमन कुमारी जादौन**
सहायक-आचार्य (शस्य विज्ञान)


## कुलपति की कलम से......



फसल की लाभप्रदता और पर्यावरण संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए एकीकृत फसल प्रबंधन (आईसीएम) अच्छा विकल्प है। कृषि में एकीकृत फसल प्रबंधन अवधारणा को तेजी से अपनाया जा रहा है और यह मृदा, जल, पोषक तत्वों, फसलों, कीटों और ऊर्जा प्रबंधन के एकल पद्धति की तुलना में अधिक सार्थक और प्रासंगिक है। एकीकृत फसल प्रबंधन विभिन्न कृषि पद्धतियों का एकीकृत तरीके से एक साइट–विशिष्ट एवं समग्र प्रबंधन है। इसमें एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन (आईएनएम), एकीकृत खरपतवार प्रबंधन (आईडब्ल्यूएम), एकीकृत कीट प्रबंधन (आईपीएम), एकीकृत रोग प्रबंधन (आईडीएम) को व्यापक रूप से संयोजित करने की आवश्यकता है। एकीकृत फसल प्रबंधन लागत का प्रभावी प्रबंधन होता है जिससे संभावित पैदावार व अधिकतम लाभ प्राप्ति के साथ पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव पड़ता है।

मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि विश्वविद्यालय ने 25 जून 2024 को माननीय कुलाधिपति एवं राजस्थान के राज्यपाल श्री कलराज मिश्र जी की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय परिसर में अपना 7वां दीक्षांत समारोह सफलतापूर्वक आयोजित किया और शैक्षणिक सत्र 2022–23 के लिए कृषि, उद्यानिकी एवं वानिकी संकायों में 271 स्नातक, 34 स्नातकोत्तर और 5 विद्यावाचस्पति छात्रों को उपाधि सहित 10 स्वर्ण पदक प्रदान किये। इस अवसर पर माननीय कुलाधिपति ने विश्वविद्यालय द्वारा विकसित फसल की चार नई किस्मों: कोटा देशी चना–2, कोटा देशी चना–3, कोटा काबुली चना–4 और कोटा उड़द–6 को लोकार्पित किया। दो बीज प्रसंस्करण इकाइयों, कॉमन इनक्यूबेशन सेंटर, वातानुकूलित डीह्यूमिडिफायर और बीज भंडारण गोदाम का भी उद्घाटन किया। डॉ. पंजाब सिंह, पूर्व सचिव कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग तथा महानिदेशक, भा.कृ.अनु.प. ने दीक्षांत समारोह अतिथि के रूप में भाग लिया और विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों की प्रशंसा की।

कृषि अनुसंधान की प्रगति का आँकलन करने तथा वर्तमान एवं भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए अनुसंधान में भावी कार्य–योजना तय करने हेतु विश्वविद्यालय की 5वीं अनुसंधान परिषद की बैठक आयोजित की गई। अनुसंधान की प्रगति रिपोर्ट काफी उत्साहजनक थी, क्योंकि वर्ष 2021–24 के दौरान विभिन्न फसलों की 12 नई किस्में विकसित की गईं और जोन V के लिए 72 उत्पादन प्रौद्योगिकियों की सिफारिश की गई। क्षेत्रीय अनुसंधान एवं प्रसार सलाहकार समिति की गत् बैठक में कोटा क्षेत्र के पैकेज ऑफ प्रेक्टिसेज में शामिल करने के लिए खरीफ फसलों पर 16 नई तकनीकी सिफारिशें सामने आई, जो कृषि उत्पादकता बढ़ाने में सहायक होंगी।

शिक्षा, अनुसंधान, प्रसार एवं प्रशिक्षण में सहयोग के लिए छः महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गये, जिनमें धानुका एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली और डॉ. वाई.एस. परमार उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, सोलन शामिल हैं।

अकादमिक परिषद की 21वीं बैठक में कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की प्रशिक्षण नीति को मंजूरी तथा मिश्रित शिक्षा प्रणाली लागू करने सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

विश्वविद्यालय में 'मानव संसाधन विकास' पर बहुत जोर दिया जा रहा है। विश्वविद्यालय में नवनियुक्त 40 कर्मचारियों के क्षमता निर्माण तथा सभी संवर्गों के कर्मचारियों की कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए पहली बार प्रशिक्षण नीति बनाकर उसे क्रियान्वित किया जा रहा है।

हरित पहल के रूप में, 207 किलोवाट के सौर पैनल स्थापित किए गए हैं और हरित ऊर्जा उत्पादन में 288 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

मैं संस्थान के विकास और प्रगति के लिए शिक्षकों, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों के प्रयास और समर्पण की सराहना करता हूँ। मैं इस समाचार पत्र को प्रकाशित करने के लिए संपादकीय दल द्वारा किए गए बेहतरीन प्रयासों की प्रशंसा करता हूँ।

(अभय कुमार व्यास)

# AUK Newsletter

## Agriculture University, Kota

Year : 2024 Number : 2 April-June


In this issue.......


- Salient Accomplishments
  - -Administration
  - -Research
  - -Education
  - -Extension
  - -HRD
- Important Meetings
- Major Events
- Placement
- Infrastructure Development
- Workshop/Seminar
- Participation of Staff in Seminar/ Conferences, Workshops, Winter/ Summer School and Trainings etc.
- Awards and Recognitions
- Visit of dignitaries
- Publications
- Upcoming Events



Patron

**Dr. Abhay Kumar Vyas**
Hon'ble' Vice Chancellor

Chief Editor

**Dr. Mukesh Chand Goyal**
Director (PM&E)

Editors

**Dr. Kamal Chand Meena**
Assoc. Prof. (Ext. Edu.)

**Dr. K. M. Sharma**
Assoc. Prof. (Agronomy)

**Dr. Lokesh Kumar Meena**
Asstt. Prof. (Agri. Economics)

**Dr. Chaman Kumari Jadon**
Asstt. Prof. (Agronomy)


## *From the Desk of Vice Chancellor....*



In order to cope up with the challenges of crop profitability and environmental concerns, Integrated Crop Management (ICM) holds good promise to deal with it. ICM concept has been increasingly adopted in agriculture and is of much significance and relevance than the individual approach of soil, water, nutrients, crops, pests and energy management. ICM is a site-specific and holistic management of various agricultural practices in integrated manner. It calls for combining Integrated Nutrient Management (INM), Integrated Weed Management (IWM), Integrated Pest Management (IPM), Integrated Disease Management (IDM) comprehensively. ICM enables cost-effective management of crops, achieving potential yields, profit maximization and minimal environmental impact.

It gives me pleasure to share that the University has successfully organized its 7th convocation on 25th June 2024 in the University campus under the Chairmanship of Hon'ble Chancellor and Governor of Rajasthan Shri Kalraj Mishra ji and awarded degree to 271 Bachelors, 34 Masters and 5 Ph.D. students along with 10 gold medals for the academic session 2022-23 in the faculties of agriculture, horticulture and forestry. On this occasion, Hon'ble Chancellor also dedicated four new crop varieties developed by the University as Kota Deshi Chana-2, Kota Deshi Chana-3, Kota Kabuli Chana-4 and Kota Urd-6. Two seed processing units, Common Incubation Centre, Air conditioned dehumidifier and storage seed godown were also inaugurated. Dr. Punjab Singh, Former Secretary DARE & DG, ICAR graced the occasion as Convocation Guest and admired various activities of the University.

The 5th Research Council Meeting of the University was organised to assess the progress of agricultural research and decide future line of work in research to address current and future challenges. Progress report of research was quite encouraging as 12 new varieties of different crops have been developed and 72 production technologies were recommended for the zone V during 2021-2024. In the last meeting of Zonal Research and Extension Advisory Committee, sixteen new technical recommendations emerged on *kharif* crops for inclusion in package of practices of the Kota zone which will be helpful in enhancing agricultural productivity.

Six important MoUs have been signed including Dhanuka Agritech Pvt. Ltd. New Delhi and YSP University of Horticulture and Forestry, Solan for collaboration in the education, research, extension and training.

In the 21st meeting of the Academic Council, several important decisions were taken including approval of the Training Policy of Agriculture University, Kota and to implement Blended Education System.

A lot of emphasis is being laid on 'Human Resource Development' in the University. For the first time, a training policy has been formulated and implemented to build capacity of newly recruited 40 employees and to increase the efficiency of employees of all cadres in the University.

As green initiative, the Solar panels of 207 KW have been installed and green energy generation has been increased by 288 percent.

I appreciate the endeavor and dedication of the teachers, scientists, and staff for the institutional growth and development. I also appreciate the best efforts made by the editorial team for bringing out this Newsletter.

**(Abhay Kumar Vyas)**

कृविको समाचार पत्र
कृषि विश्वविद्यालय, कोटा
अप्रैल–जून, 2024

AUK Newsletter
Agriculture University, Kota
April - June, 2024

## प्रमुख उपलब्धियां

### प्रशासनिक

#### विश्वविद्यालय के 7वें दीक्षांत समारोह का आयोजन

कृषि विश्वविद्यालय, कोटा ने 25 जून, 2024 को अपना सप्तम् दीक्षांत समारोह आयोजित किया। राजस्थान के माननीय राज्यपाल और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, श्री कलराज मिश्र जी ने दीक्षात समारोह की अध्यक्षता की और कृषि, बागवानी और वानिकी संकायों में शैक्षणिक सत्र 2022–23 के लिए 10 स्वर्ण पदक सहित 271 स्नातक छात्र, 34 स्नातकोत्तर और 5 विद्यावाचस्पति को उपाधि प्रदान की। माननीय राज्यपाल ने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे विश्वविद्यालय से प्राप्त ज्ञान, शिक्षा एवं अनुसंधान का उपयोग समर्पण भाव से न केवल अपने लिए बल्कि समाज एवं राष्ट्र के विकास के लिए भी करें। प्रोफेसर पंजाब सिंह, कुलाधिपति, रानी लक्ष्मीबाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झाँसी तथा पूर्व सचिव, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, भारत सरकार, और महानिदेशक, भा.कृ.अनु.प. दीक्षांत समारोह अतिथि रहे। इस अवसर पर माननीय कुलाधिपति ने दो प्रकाशनः सफल कृषि उद्यमी और उन्नत कृषि प्रौद्योगिकियाँ: एक दशक का विमोचन किया। इसके अलावा चार नई फसल किस्में कोटा देशी चना–2, कोटा देशी चना–3, कोटा काबुली चना–4 एवं कोटा उड़द–6 का भी लोकार्पण किया गया। दो बीज प्रसंस्करण इकाइयों, कॉमन इंक्यूवेशन सेन्टर, एयर कंडीशनर डीह्यूमिडिफायर बीज गोदाम और बीज गोदाम का भी उद्घाटन किया। माननीय कुलपति डॉ. अभय कुमार व्यास ने विश्वविद्यालय की प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।




### समझौता ज्ञापन

#### जगन्नाथ विश्वविद्यालय, जयपुर के साथ समझौता ज्ञापन

शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रसार शिक्षा में सहयोग के लिए कृषि विश्वविद्यालय, कोटा और जगन्नाथ विश्वविद्यालय, जयपुर के बीच एक रणनीतिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।




#### धानुका एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली के साथ समझौता ज्ञापन

कृषि विश्वविद्यालय, कोटा और धानुका एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली के बीच अनुसंधान एवं प्रसार में सहयोग के लिए एक रणनीतिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

#### श्रीरामशान्ताय जैविक कृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र, कोटा के साथ समझौता ज्ञापन

अनुसंधान और प्रसार में सहयोग के लिए कृषि विश्वविद्यालय, कोटा और श्रीरामशान्ताय जैविक कृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र, कोटा के बीच एक रणनीतिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

## SALIENT ACCOMPLISHMENTS

### ADMINISTRATION

#### Organisation of 7th Convocation of the University

Agriculture University, Kota organised its seventh convocation on 25th June, 2024. The Hon'ble Governor of Rajasthan and Chancellor of the University, Shri Kalraj Mishra ji chaired the convocation and awarded degree to 271 Bachelors, 34 Masters and 5 Ph.D. students including 10 gold medals for the academic session 2022-23 in the faculties of agriculture, horticulture and forestry. Hon'ble Governor advised to the students that they should use the knowledge, education and research received from the university with dedication not only for yourself but also for the development of the society and the nation. Prof. Panjab Singh, Chancellor, Rani Laxmi Bai Central Agricultural University, Jhansi and Former Secretary, DARE and Director General, ICAR was the convocation guest. On this occasion Hon'ble Chancellor released two booklets namely; Successful Agripreneurs and Improved Agricultural Technologies: A Decade. Besides, four new crop varieties; Kota Deshi Chana-2, Kota Deshi Chana-3, Kota Kabuli Chana-4 and Kota Urd-6 were dedicated to the nation. Two seed processing units, common incubation centre, air conditioner dehumidifier seed godown and seed godown were also inaugurated. Dr. Abhay Kumar Vyas, Hon'ble Vice Chancellor presented the progress report of the university.




### Memorandum of Understanding

#### MoU with Jagannath University, Jaipur

A strategic partnership agreement was signed between Agriculture University, Kota and Jagannath University, Jaipur for cooperation in education, research and extension.

#### MoU with Dhanuka Agritech Pvt. Ltd., New Delhi

A strategic partnership agreement was signed between Agriculture University, Kota and Dhanuka Agritech Pvt. Ltd., New Delhi for cooperation in research and extension field.

#### MoU with Shriramshantaye Organic Agriculture Research and Training Centre, Kota

A strategic partnership agreement was signed between Agriculture University, Kota and Shriramshantaye Organic Agriculture Research and Training Centre, Kota for cooperation in research and extension.



### आर.एस.आर.डी.सी. लिमिटेड, जयपुर (कोटा इकाई) के साथ समझौता ज्ञापन

कृषि महाविद्यालय, कोटा के निर्माण कार्य में सहयोग के लिए कृषि विश्वविद्यालय, कोटा और आर.एस.आर.डी.सी. लिमिटेड, जयपुर (कोटा इकाई) के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

### राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, जयपुर के साथ समझौता ज्ञापन

कृषि महाविद्यालय, हिण्डौली के निर्माण कार्य में सहयोग के लिए कृषि विश्वविद्यालय, कोटा और राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, जयपुर के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

### वाई. एस. परमार उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, सोलन के साथ समझौता ज्ञापन

शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रसार शिक्षा में सहयोग के लिए कृषि विश्वविद्यालय, कोटा और वाई. एस. परमार उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, सोलन, हिमाचल प्रदेश के बीच एक रणनीतिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

## अनुसंधान

### पैकेज ऑफ प्रेक्टिस में शामिल तकनीकियाँ

- **चावल (पूसा बासमती 1718) :** मध्यम ऊंचाई (115–120 सेमी), लंबा, पतला और सुगंधित दाना, 135–140 दिनों में परिपक्व और 45–50 क्विंटल / हेक्टेयर औसत उपज वाली चावल की किस्म पूसा बासमती 1718 को कृषि जलवायु क्षेत्र–V की फसल उत्पादन पैकेज में शामिल किया गया। यह बैक्टीरियल ब्लाइट, ब्लास्ट और शीथ ब्लाइट रोगों और ब्राउन प्लांट हॉपर कीट के लिए भी मध्यम प्रतिरोधी है।



- **चावल :** नैक ब्लास्ट की रोकथाम के लिए बीमारी के लक्षण दिखाई देते ही टेबुकोनाजोल 50%+ ट्राइफ्लोक्सीस्ट्रोबिन 25% डब्ल्यू जी 0.4 ग्राम प्रति लीटर दर से पानी में घोल बनाकर छिड़काव करने की सिफारिश की गई। आवश्यकता होने पर छिड़काव को 15 दिन में दोहरावे।




- **उड़द :** उड़द की फसल में कॉलर रॉट, रोटिंग, डेम्पिंग–ऑफ बीमारी की रोकथाम हेतु ट्राईकोडर्मा विरीडी 8 ग्राम प्रति किग्रा की दर से बीजोपचार करने की सिफारिश की गई।

### MoU with RSRDC Ltd. Jaipur (Kota Unit)

An agreement was signed between Agriculture University, Kota and RSRDC Ltd. Jaipur (Kota Unit) for construction works at College of Agriculture, Kota.

### MoU with RSAMB, Jaipur

An agreement was signed between Agriculture University, Kota and RSAMB, Jaipur for construction works at College of Agriculture, Hindoli.

### MoU with Y.S. Parmar University of Horticulture and forestry, Solan

A strategic partnership agreement was signed between Agriculture University, Kota and Y.S. Parmar University of Horticulture and Forestry, Solan, Himachal Pradesh for cooperation in education, research and extension.

## RESEARCH

### Technologies Included in Package of Practices

- **Rice (Pusa Basmati 1718):** Medium height (115-120 cm), long, thin and aromatic grain, mature in 135-140 days and 45-50 q/ha. average yielding Rice variety Pusa Basmati 1718 included in the POP of the agro-climatic zone-V. It is also moderately resistant to bacterial blight, blast and sheath blight diseases and brown plant hopper insect.




- **Rice:** After appearance of disease, foliar spray of Tebuconazole 50% + Trifloxystrobin 25% WG @ 0.4g/lit at 15 days interval was found effective for management of neck blast in paddy crop.
- **Urdbean :** Seed treatment with *Trichoderma viride* @ 8g/kg was found effective for management of collar rot/rotting/damping-off in urdbean crop.



कृविको समाचार पत्र
कृषि विश्वविद्यालय, कोटा
अप्रैल–जून, 2024

AUK Newsletter
Agriculture University, Kota
April - June, 2024

## शिक्षा

### कुलपति–विद्यार्थी संवाद

कृषि महाविद्यालय, उम्मेदगंज, कोटा में 05 और 20 अप्रैल, 2024 तथा कृषि महाविद्यालय हिण्डौली में 3 अप्रेल, 2024 को तीन कुलपति–विद्यार्थी संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। माननीय कुलपति डॉ. अभय कुमार व्यास ने कुल 208 छात्रों को उनके कैरियर के बारे में मार्गदर्शन दिया।



### चांसलर स्वर्ण पदक

सुश्री अश्विनी मेहता, एम. एससी. (कृषि) आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन, कृषि महाविद्यालय, कोटा को 25 जून, 2024 को कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के 7वें दीक्षांत समारोह के दौरान कुलाधिपति स्वर्ण पदक 2023 प्रदान किया गया।

### कुलपति स्वर्ण पदक

सुश्री श्वेता चुघ, बी.एससी. (ऑनर्स) उद्यानिकी, उद्यानिकी और वानिकी महाविद्यालय, झालावाड़ को 25 जून, 2024 को कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के 7वें दीक्षांत समारोह के दौरान कुलपति स्वर्ण पदक 2023 प्रदान किया गया।

### स्नातक परीक्षा परिणाम घोषित

परीक्षा नियंत्रक कार्यालय द्वारा अकादमिक सत्र 2023–24 के कृषि, उद्यानिकी एवं वानिकी–स्नातक (ऑनर्स) चतुर्थ वर्ष के प्रथम सेमेस्टर का परिणाम घोषित कर दिये गये।

### विशेष व्याख्यान

उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, झालावाड़ ने 4 मई, 2024 और 8 जून, 2024 को क्रमशः ''किताब को प्रभावी ढंग से कैसे पढ़ें' और ''नेतृत्व कौशल'' विषय पर दो विशेष व्याख्यान आयोजित किए।

### प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम

कृषि महाविद्यालय, कोटा ने 15 जून 2024 को रेडी कार्यक्रम के प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन किया, जिसमें डॉ. ए.के. व्यास, माननीय कुलपति, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा 60 छात्रों को प्रमाणपत्र वितरित किये गये।




## EDUCATION

### Kulpati-Vidhyarthi Samwad

Three Kulpati-Vidhyarthi Samwad organized at College of Agriculture,Ummedganj, Kota on 5th & 20th April, 2024 and College of Agriculture, Hindoli on 3rd April, 2024. Hon'ble, Vice-Chancellor Dr. Abhay Kumar Vyas interacted with 208 students for guiding them about their carrier.



### Chancellor's Gold Medal

Ms. Ashvinee Mehta, M. Sc. (Agriculture) Genetics and Plant Breeding, College of Agriculture, Kota received Chancellor's Gold Medal 2023 during 7th Convocation of Agriculture University, Kota on 25th June, 2024.




### Vice-Chancellor's Gold Medal

Ms. Shweta Chugh, B. Sc. (Hons.) Horticulture, College of Horticulture and Forestry, Jhalawar received Vice-Chancellor's Gold Medal 2023 during 7th Convocation of Agriculture University, Kota on 25th June, 2024.

### UG Result Declared

The results of the First Semester of B.Sc. (Hons) Agriculture, Horticulture & Forestry Final Year of the Academic Session 2023-24 have been declared by the Office of Controller of Examination, Agriculture University, Kota.

### Special Lecture

College of Horticulture and Forestry, Jhalawar organized two special lectures on the topic "How to read book effectively" and "Leadership Skills" on 4th May, 2024 and 8th June, 2024.

### Certificate Distribution Programme

College of Agriculture, Kota organized READY Certificate distribution ceremony on 15th June 2024 to distribute the certificates for the 60 students by Dr. Abhay Kumar Vyas, Hon'ble Vice Chancellor, Agricultural University, Kota.

कृविको समाचार पत्र
कृषि विश्वविद्यालय, कोटा
AUK Newsletter
Agriculture University, Kota
अप्रैल-जून, 2024
April - June, 2024

### राष्ट्रीय वानिकी शैक्षणिक भ्रमण

उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, झालावाड़ के स्नातक वानिकी चतुर्थ वर्ष के छात्रों का पांच दिवसीय राष्ट्रीय वानिकी शैक्षणिक भ्रमण 22 जून से 26 जून, 2024 के दौरान करवाया गया। वानिकी स्नातक चतुर्थ वर्ष के 46 विद्यार्थियों के दल ने गुजरात, महाराष्ट्र, दमन एवं मध्य प्रदेश में विभिन्न वानिकी संस्थान जैसे आनंद कृषि विश्वविद्यालय, आनंद, कृषि विज्ञान केन्द्र, गोधरा, राष्ट्रीय औषधीय पादप अनुसंधान संस्थान, बोरियावी, मेन्ग्रोव वन भरूच एवं दमन, बोटेनिकल गार्डन, वाघाई, वनसाडा नेशनल पार्क एवं जनजातिय हस्त कला इकाई, अहवा, वानिकी महाविद्यालय, अकोला, मेलझात टाइगर रिजर्व, खण्डवा, उज्जैन के वनीय क्षेत्र एवं विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन आदि संस्थानों का शैक्षणिक भ्रमण किया।




### National Forestry Educational Tour

Five day National forestry Educational tour of B.Sc. (Hons.) Forestry IV$^{th}$ year students was organized by College of Horticulture and Forestry, Jhalawar during 22-26 June 2024. Total 46 Student of B.Sc. (Hons.) Forestry IV$^{th}$ Year visited various institution of Gujrat, Maharashtra, Daman and Madhya Pradesh like AAU, Anand, KVK Godhra, ICAR-Directorate of Medicinal and Aromatic Plant Research, Anand, Mangrove Forest Daman and Bharuch, Botanical Garden Waghai, Vansada National Park, Tribal Handicraft Unit Ahwa, Forestry College Akola, Tiger Reserve Khandwa, Forest of Ujjain and Vikram University, Ujjain.




## प्रसार

### प्रदर्शनी

विश्वविद्यालय के 7वें दीक्षांत समारोह 25 जून 2024 को कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की प्रदर्शनी विश्वविद्यालय परिसर में लगाई गई। राजस्थान के माननीय राज्यपाल श्री कलराज जी मिश्र, डॉ. पंजाब सिंह, कुलाधिपति, रानी लक्ष्मीबाई केन्द्रिय कृषि विश्वविद्यालय, झाँसी एवं महानिदेशक, भा.कृ.अनु.प. सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने प्रदर्शनी का भ्रमण किया और विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों की सराहना की। लगभग 700 से अधिक प्रतिभागियों को कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के कृषि नवाचारों से अवगत कराया गया।



## EXTENSION

### Exhibition

Exhibition of Agriculture University, Kota was arranged on the occasion of the 7$^{th}$ convocation of university on 25$^{th}$ June, 2024 at premises of the university. Hon'ble Governor of Rajasthan Shri. Kalraj Ji Mishra, Dr. Panjab Singh, Chancellor, Rani laxmi Bai Central Agricultural University, Jhansi and former DG, ICAR and other dignitaries visited exhibition and appreciated the various activities of the university. More than 700 other participants exposed with agricultural innovations of Agriculture University, Kota.



### क्षमता विकास

- पतंजली फूडस् लिमिटेड और कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा द्वारा कृषक उत्पाद संगठनों का आमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 अप्रैल, 2024 को कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा पर आयोजन किया गया जिसमें 40 एफपीओ के सदस्यों ने भाग लिया।




### Capacity Development

- Orientation training programme on FPO was organized by Krishi Vigyan Kendra, Kota in collaboration with Patanjali Foods Limited on 20$^{th}$ April, 2024 at KVK, Kota. In this programme 40 FPO members participated.

- कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा द्वारा मोटे अनाज प्रसंस्करण विषय पर स्वयं सहायता समूह का प्रशिक्षण कार्यक्रम 13–16 मई 2024 के दौरान आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम मे 25 महिलाओं ने भाग लिया।
- कृषि विज्ञान केन्द्र, बूंदी द्वारा तीन दिवसीय नर्सरी वर्कर प्रशिक्षण 20, 21 एवं 25 मई 2024 को आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- कृषि विज्ञान केन्द्र, सवाई माधोपुर ने 20 मई से 15 जून, 2024 के दौरान ''गार्डन कीपर'' पर 20 ग्रामीण युवाओं के लिए भारतीय कृषि कौशल परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित 27 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।
- कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा द्वारा फैशन डिजाइनिंग एवं टेलरिंग विषय पर एक माह का कौशल विकास प्रशिक्षण गांव चेचट में 25 मई से 25 जून, 2024 के दौरान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 25 जनजाति महिलाओं ने भाग लिया।




- कृषि विज्ञान केन्द्र, बूंदी द्वारा ग्राम नौताड़ा में 11 जनजाति महिलाओं को टीएसपी के तहत सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 1–15 जून, 2024 के दौरान किया गया।
- कृषि विज्ञान केन्द्र, हिण्डौन, करौली द्वारा 20 जनजाति महिलाओं को अनुसूचित जनजाति उपयोजना के तहत फैशन डिजाईनिंग एवं टेलरिंग विषय पर 10 दिवसीय व्यवसायिक प्रशिक्षण आयोजित किया गया तथा उनको सिलाई मशीन भी वितरित की गई।




- कृषि विज्ञान केन्द्र हिण्डौन करौली द्वारा गर्मीयों मे दुधारू पशुओं की देखभाल विषय पर 4 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें क्षेत्र के 31 पशुपालकों ने भाग लिया।

**सीधा प्रसारण**

विश्वविद्यालय के सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों पर 18 जून, 2024 को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस आयोजन में 450 कृषकों/कृषक महिलाओं ने भाग लिया।

- Krishi Vigyan Kendra, Kota organized millet processing training for self-help group during 13-16, May 2024. In this training programme 25 farm women participated.




- Krishi Vigyan Kendra Bundi conducted three days training on nursery worker training on 20, 21 & 25, May 2024. In this training programme 40 participants were trained.
- KVK Sawai Madhopur organized 27 days skill development training programme sponsored by Agricultural Skills Council of India, New Delhi for 20 rural youth on "Garden Keeper" during 20 May to 15 June, 2024.




- Krishi Vigyan Kendra, Kota organized skill development training on fashion designing and tailoring at Chechat during 25 May, 2024 to 25 June, 2024. Total 25 tribal women participated in this programme
- Krishi Vigyan Kendra Bundi organised training on stiching programme for 11 tribal women under TSP during 1-15 June, 2024 at village Notada.
- Krishi Vigyan Kendra, Hindaun, Karauli organized 10 days vocational training program on "Fashion Designing and Tailoring" under TSP Scheme for 20 tribal women and sewing machines also distributed under this program.
- Krishi Vigyan Kendra, Hindaun, Karauli organized four days training program on "care and management of dairy animals". Thirty-one dairy farmers participated in this program.

**Live telecasted**

All the KVKs of the University organised live telecast programme of PM Kisan Samman Nidhi Programme on 18th June, 2024. In this programme 450 farmers and farm women participated.

कृविको समाचार पत्र
कृषि विश्वविद्यालय, कोटा
AUK Newsletter
Agriculture University, Kota
अप्रैल–जून, 2024
April - June, 2024

## मानव संसाधन विकास

### सामान्य प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम

कृषि विश्वविद्यालय कोटा ने 15 अप्रैल, 2024 से 07 मई, 2024 के दौरान विश्वविद्यालय के कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन और गुणवत्ता सुधार केंद्र पर 38 नये भर्ती किये गये अशैक्षणिक कर्मचारियों सहित 48 अक्षैणिक कर्मचारियों के लिए तीन सप्ताह का सामान्य प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। यह अपने आप में राज्य के किसी भी विश्वविद्यालय में पहला कार्यक्रम रहा।



### फार्म और प्रयोगशाला प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम

कृषि विश्वविद्यालय कोटा ने 20–25 मई, 2024 के दौरान भा.कृ.अनु.प. भारतीय कृषि प्रणाली अनुसंधान संस्थान, मोदीपुरम, मेरठ में विश्वविद्यालय के 12 नये भर्ती तकनीकी कर्मचारियों सहित 25 तकनीकी कर्मचारियों के लिए फार्म और प्रयोगशाला प्रबंधन पर एक सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

### ऑटोमोबाइल रखरखाव, सड़क सुरक्षा और व्यवहार कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम

कृषि विश्वविद्यालय कोटा ने 27–31 मई, 2024 के दौरान भा.कृ.अनु.प. केन्द्रीय कृषि अभियात्रिकी संस्थान, भोपाल में विश्वविद्यालय के 8 नये भर्ती ड्राइवरों सहित समस्त 17 ड्राइवरों के लिए ऑटोमोबाइल रखरखाव, सड़क सुरक्षा और व्यवहार कौशल पर एक सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। विश्वविद्यालय के इतिहास में यह पहली थी।



## महत्वपूर्ण बैठकें

### अकादमिक परिषद बैंठक

अकादमिक परिषद की 21वीं बैठक 17 मई, 2024 को विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता माननीय कुलपति, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा डॉ. ए.के. व्यास ने की। डॉ. आर.के. राय पूर्व प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, भा.कृ.अनु.स., नई दिल्ली, डॉ. बी.के. शर्मा पूर्व निदेशक शिक्षा, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर एवं डॉ. एस.एल. मून्दड़ा पूर्व निदेशक प्रसार शिक्षा, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर ने बाह्य विशेषज्ञों के रूप में भाग लिया।

## HRD

### Common Induction Training Programme

Agriculture University Kota, organised three weeks Common Induction Training Programme for 48 non-teaching staff including 38 newly recruited staff of the university from April 15, 2024 to May 07, 2024 at Agriculture Technology Management and Quality Improvement Centre of The University. This was first of its kind in any University of the state.

### Farm and Laboratory Management Training Programme

Agriculture University Kota, organised one-week specialized training programme on 'Farm and Laboratory Management' for 25 technical staff of University including 12 newly recruited technical staff during May 20-25, 2024 at ICAR-IIFSR, Modipuram, Meerat.




### Automobile Maintenance, Road Safety and Behavioural Skills Training Programme

Agriculture University Kota, organised one-week specialized training programme on 'Automobile Maintenance, Road Safety and Behavioural Skills' for its all 17 drivers of University including 8 newly recruited drivers during May 27-31, 2024 at ICAR-CIAE, Bhopal. It was first in the history of the University.



## IMPORTANT MEETINGS

### Academic Council Meeting

The 21st meeting of the Academic Council was held on 17th May, 2024 in the conference hall of University. Hon'ble Vice Chancellor, Agriculture University, Kota Dr. A. K. Vyas, chaired the meeting. Dr. R. K. Rai, Former Professor & Head, IARI, New Delhi; Dr. B.K. Sharma, Former Director Education, SKNAU, Jobner and Dr. S.L. Mundra, Former Director Extension Education, MPUAT, Udaipur participated as external experts.

इस बैठक में निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये

- कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की प्रशिक्षण नीति का अनुमोदन। जो कि राज्य के कृषि विश्वविद्यालयों में पहली है।
- शैक्षणिक सत्र 2024–25 से शुल्क में संशोधन कर प्रवेश लेने वाले नये विद्यार्थियों के लिये 5 प्रतिशत फीस बढ़ाई गई।
- पाठ्यक्रम के 20 प्रतिशत तक मिश्रित शिक्षा प्रणाली लागू करने का अनुमोदन।
- विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के अध्ययन अवकाश के लिए नियमावली बनाने का अनुमोदन।
- उपाधि के संशोधन प्रारूप का अनुमोदन।



### वरिष्ठ अधिकारी परिषद की बैठक

विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी परिषद (एसओसी) की 13वीं बैठक 19 अप्रैल, 2024 को डॉ. अभय कुमार व्यास, माननीय कुलपति, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित की गई। इस बैठक में विश्वविद्यालय के विकास हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

### संभागीय अनुसंधान एवं विस्तार सलाहकार समिति बैठक

संभागीय अनुसंधान एवं विस्तार सलाहकार समिति की बैठक 21–22 मई, 2024 को कृषि अनुसंधान केन्द्र कोटा में मुख्य अतिथि डॉ. ए. के. व्यास, माननीय कुलपति, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की उपस्थिति में आयोजित की गई। उन्होंने अनुसंधान और किसान समुदाय के लिए संभागीय अनुसंधान एवं विस्तार सलाहकार समिति बैठक के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रभावित क्षेत्र, प्रभावित किसानों की संख्या, समस्या की गंभीरता आदि की जानकारी सहित एक अच्छी तरह से प्रलेखित फीडबैक प्रपत्र तैयार करने की सलाह दी। बैठक में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा खरीफ 2023 में किये गये शोध कार्यो का मूल्यांकन के साथ ही किसानों के लिए उपयोगी 16 तकनीकी अनुशंसाओं का अनुमोदन किया गया तथा खरीफ–2024 की कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया गया।




The following important decisions were taken in this meeting:

- Approved the Training Policy of Agriculture University, Kota, first in any Agriculture University of the state.
- Fees structure revised and increased by 5 percent from the academic session 2024-25 for the new students.
- Approval for implementation of Blended Education System up to 20 percent of the syllabus.
- Approval of study leave rules for university employees.
- Approval of the amended draft of the degree.

### Senior Officers Council Meetings

The 13th Meeting of Senior Officers Council (SOC) of the University was held on 19th April, 2024 in the conference hall of the university under the Chairmanship of Dr. Abhay Kumar Vyas, Hon'ble Vice Chancellor, AU Kota. In this meeting various important decisions were taken for development of the University.



### Zonal Research and Extension Advisory Committee Meeting (ZREAC)

The Zonal Research and Extension Advisory Committee meeting for Kharif 2024 was held at ARS, Kota on 21-22 May, 2024 in the presence of chief guest Dr. A. K. Vyas, Hon'ble Vice Chancellor, Agriculture University, Kota. He highlighted the importance of ZREAC meeting for research and farmers community. He also advised to prepare a well-documented feedback performa including information on affected area, number of farmers affected, severity of problem etc. Research work done in kharif 2023 was evaluated along with the approval of 16 technical recommendations useful to farmers and action plan of kharif-2024 was also finalised in the meeting.



कृविको समाचार पत्र
कृषि विश्वविद्यालय, कोटा

AUK Newsletter
Agriculture University, Kota

अप्रैल–जून, 2024

April - June, 2024

## अनुसंधान परिषद , बैठक

